**श्री अनुराग सिंह ठाकुर** (हमीरपुर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं पहली बार बोल रहा हूं। मैं आपके ध्यान से लाना चाहता हूं कि सहारनपुर से नागंल डैम जाने के लिए 1एस.यू.एन. और नांगल डैम से सहारनपुर जाने के लिए 3एस.यू.एन. ट्रेनें हैं। इसके आलवा अम्बाला कैंट से नांगल डैम और अम्बाला कैंट से चुरुडू जाने के लिए जो ट्रेनें हैं, उनकी सफर अवधि कम से कम 6 घंटे और 8 घंटे है। इन ट्रेनों में जो जन-सुविधाएं हैं, उनकी कमी है। वृद्ध महिलाओं के लिए और बच्चों के लिए शौचालय की कमी होने की वजह से उन्हें बहुत असुविधा होती है। ...*(व्यवधान)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Nothing will go on record except the speech of Shri Anurag Singh Thakur.

...*(Interruptions)**

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:** एक जन-शात्बदी एक्सप्रेस नई दिल्ली से नांगल पंजाब तक चलाई गई है। हमने पहले भी आग्रह किया था कि हिमाचल प्रदेश का प्रवेश द्वार ऊना है। जो नांगल से केवल 16 किलोमीटर दूर है। हमारा यह आग्रह है कि इस जन-शताब्दी ट्रेन को नांगल के बजाय ऊना से चलाया जाये, ताकि प्रदेश के जो लाखों लोग पूरे वर्ष सफर करते हैं, उनको इसकी सुविधा प्राप्त हो। ...*(व्यवधान)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Nothing should go on record except the speech of Shri Anurag Singh Thakur.

...*(Interruptions)**

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:** बहुत सारे व्यापारी, फौजी और व्यवसायी इस ट्रेन के द्वारा नई दिल्ली जाना चाहते हैं। इस ट्रेन को नांगल के बजाय ऊना से चलाया जाये। ऊना में वे सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो किसी भी ब्रॉडगेज स्टेशन के लिए होनी चाहिए। ...*(व्यवधान)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Whatever I have done, I have done it with the permission and consent of the House.

...*(Interruptions)*

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:** मैं आपके ध्यान में यह भी लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश के बहुत सारे लोग भारी संख्या में मुम्बई और महाराष्ट्र के अन्य क्षेत्रों में जाना चाहते हैं। सचखंड एक्सप्रैस ट्रेन नं. 2716, जो अमृतसर से नांदेड़ के लिए चलती है, यदि इस रेल में कुछ डिब्बे ऊना रेलवे स्टेशन से चला दिये जायें,

*Not recorded.

तो अमृतसर से नांदेड़ जाने वाली सचखंड एक्सप्रैस में अम्बाला रेलवे स्टेशन पर जोड़ दिए जाएं, तो ऊना हिमाचल प्रदेश से रेल यात्री सीधे नांदेड तक की यात्रा सुविधाजनक रूप से कर सकते हैं। ...*(व्यवधान)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Whatever I have done, I have done it with your permission.

...*(Interruptions)*

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:** जिस प्रकार से पश्चिम एक्सप्रैस नं. 2926-ए कालका-बांद्रा टर्मिनस एवं नं. 2926 अमृतसर-बांद्रा टर्मिनस के डिब्बों को अम्बाला में जोड़ दिया जाता है, उसी प्रकार की व्यवस्था सचखंड एक्सप्रैस में प्रायोगिक रूप से की जा सकती है। ...*(व्यवधान)*

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Sir, when you said that let it be passed without discussion, nobody uttered a word. It was only after you started this ...*(Interruptions)* they have started raising this. ...*(Interruptions)* Nobody had uttered a word. ...*(Interruptions)*

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:** इससे देश भर से पर्यटक, धार्मिक श्रद्धालु एवं आर्मी के अधिकारी एवं कर्मचारी सुविधाजनक रूप से हिमाचल प्रदेश आ-जा सकते हैं। ...*(व्यवधान)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Please sit down now.

...*(Interruptions)*

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:** मेरा निवेदन है कि ऊना रेलवे स्टेशन से एक अतिरिक्त ट्रेन चलाई जाये, जो दिल्ली, आगरा छावनी, ग्वालियर, झांसी, भोपाल और मनमाड तक जाए। इससे नार्थ सैण्ट्रल रेलवे, सैण्ट्रल रेलवे एवं साउथ सैण्ट्रल रेलवे को हिमाचल प्रदेश से सीधे जोड़ा जा सकता है। ...*(व्यवधान)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Whosoever speaks without my permission, his statement should not go on record.

...*(Interruptions)**

*Not recorded.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुरः** ऐसा करने से हिन्दू धर्मार्थी मथुरा-वृन्दावन एवं शिरडी सुविधाजनक रूप से जा सकते हैं। ...*(व्यवधान)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Shri Mistry, please sit down.

...*(Interruptions)*

**श्री अनुराग सिंह ठाकुरः** सिख तीर्थयात्री आनन्दपुर साहिब, जहां खालसा पंथ की नींव रखी गई थी, वहां से सुविधाजनक रूप से दर्शनार्थ आ सकते हैं। इससे डिफेंस पर्सोनेल को आर्मी हैडक्वार्टर आने-जाने, दिल्ली, अम्बाला कैंट, मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, झांसी, भोपाल, मनमाड और औरंगाबाद आने-जाने में बहुत सुविधा होगी। ...*(व्यवधान)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Silence please. Please sit down.

...*(Interruptions)*

**श्री अनुराग सिंह ठाकुरः** अन्त में मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि ये जो पांच ट्रेनों के नाम मैंने गिनाये हैं ...*(व्यवधान)*

**उपाध्यक्ष महोदयः** मिस्त्री जी, आप बैठ जायें।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुरः** उनकी सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराई जाये। ताकि वृद्ध महिलाओं और बच्चों को शौचालय जाने की सुविधाएं सभी ट्रेनों में उपलब्ध हों। इसके अलावा जो नंगल से दिल्ली जाने वाली जनशताब्दी ट्रेन है, उसको ऊना से चलाया जाए, ऐसा मेरा आपसे आग्रह है। धन्यवाद। ...*(व्यवधान)*

**उपाध्यक्ष महोदयः** आप बैठ जाइए।

...*(व्यवधान)*

DR. SUJAN CHAKRABORTY (Jadavpur): Sir, please explain about it to me. ...*(Interruptions)*

**उपाध्यक्ष महोदयः** अगर आपने इसी तरह शोर किया, तो मैं जीरो ऑवर नहीं ले सकूंगा।

...*(व्यवधान)*

DR. SUJAN CHAKRABORTY: Sir, this is bulldozing. ...*(Interruptions)*

**उपाध्यक्ष महोदयः** अगर आपको जीरो ऑवर लेना है, तो शांत रहें। जो कुछ मैंने किया है उसके लिए हाउस की पहली परमीशन ली, उसके बाद मैंने बिल को पास कराया। ...*(व्यवधान)*

MR. DEPUTY SPEAKER: You did not utter a single word when I asked for the sense of the House.

...*(Interruptions)*

**उपाध्यक्ष महोदयः** आपको जीरो ऑवर लेना है या नहीं?

...*(व्यवधान)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Please sit down.

...*(Interruptions)*

DR. SUJAN CHAKRABORTY: You are not going to discuss many of the issues. Why is it so? ...*(Interruptions)* The question is very simple. ...*(Interruptions)* I would have supported it, and I would not have objected to it. ...*(Interruptions)* Does the Parliament not have the right to discuss it? ...*(Interruptions)* This is my question. ...*(Interruptions)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Nothing should be recorded.

...*(Interruptions)**

DR. SUJAN CHAKRABORTY: Have you not done anything wrong in this? ...*(Interruptions)*

MR. DEPUTY SPEAKER: Please sit down.

...*(Interruptions)*

MR. DEPUTY SPEAKER: I have not done anything wrong. I have got the sense of the House, and then I have decided to take up that Bill.

...*(Interruptions)*

DR. SUJAN CHAKRABORTY: Do you have any explanation to yourself? ...*(Interruptions)* You do not have any explanation to yourself also. ...*(Interruptions)*

**श्री बची सिंह रावत 'बचदा'** (अल्मोड़ा): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, जो विधेयक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संबंध में प्रस्तुत हुआ है, इसमें केन्द्र सरकार ने उत्तराखंड के गढ़वाल डिवीजन में स्थित हेमवती नन्दन बहुगुणा विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने का निर्णय लिया है और उसका विधेयक भी प्रस्तुत हुआ है, इसका स्वागत है।

*Not recorded.